आइएससी साइंस स्टेट टॉपर आयुष

मोबाइल यूज न करें

जमशेदपुर. राजेंद्र विद्यालय का आयुष कुमार आइएससी साइंस में 99.50 प्रतिशत लाकर स्टेट टॉपर बने. आयुष को इंग्लिश में 98, मैथ, फिजिक्स व कंप्यूटर में 100-100 व केमिस्ट्री में 97 अंक मिले हैं. मैट्रिक में भी आयुष जिले के सेकेंड टॉपर रहे हैं. आयुष कुमार ने बताया कि उसने कभी भी मोबाइल का उपयोग नहीं किया. न ही उसके पास मोबाइल है. आइएससी में उसने ट्यूशन भी नहीं लिया. स्कूल में जो भी पढ़ाई होती थी उसी के अनुसार वह घर में आकर पढ़ाई करते थे. आयुष सामान्य दिनों में आठ से दस घंटे और स्कूल रहने पर चार से पांच घंटे घर में पढ़ाई करते थे. आयुष ने प्रभात खबर से बातचीत में कहा कि पढ़ाई में यह जरूरी नहीं है कि आप दिन में कितने घंटे पढ़ रहे हैं, बल्कि यह जरूरी है कि जितने भी घंटे आप पढ़ रहे हैं, उसे कितना ध्यान से पढ़ रहे हैं. सीतारामडेरा के रहने वाले आयुष अपने माता-पिता के एकलौती संतान हैं. आयुष के पिता राकेश कुमार बिजनेस मैन है जबकि मां नूतन कुमारी गृहिणी हैं. आयुष ने कहा कि रटने से कभी अच्छे अंक नहीं लाये जा सकते. हर चैप्टर को समझने के लिए वे खुद एक कान्सेप्ट इजाद करते हैं, ताकि एक ही बार में पढ़ने पर विषय कंठस्थ हो जाये. वह इंजीनियर बनना चाहते हैं.